



# गलत इलाज से छात्रा की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चार क्लिनिकों को किया सील

**नवभारत न्यूज़**
**घट्टिया। उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में एक क्लीनिक पर कथित गलत इलाज से छात्रा की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को जगोटी में लगभग दो घंटे तक विभिन्न क्लीनिकों की जांच की। बीएम ओ शोभना भावर व उनकी टीम के जगोटी पहुंचने के पहले कथित झोला छाप डॉक्टर अपने क्लीनिकों पर ताला लगा कर रवाना हो गए।**



बीएम ओ के अनुसार दस से अधिक क्लीनिक चिन्हित किए गए हैं। सभी को अपने चिकित्सा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु तीन दिन का समय दिया गया है। चार क्लीनिकों पर सील लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में कथित तौर पर इलाज करने वाले डाक्टरों की भरमार है। अन्य प्रदेशों से आए इन कथित डाक्टरों द्वारा अपने आधार, वोटर कार्ड भी यहीं के बनवाकर इलाज किया जा रहा है। कुछ ने तो यहां बड़े मकान बनवाकर वहीं चिकित्सालय खोल दिए हैं व गंभीर बीमारियों के इलाज भी किए जा रहे हैं।

दस दिन पहले चोक बाजार जगोटी में ग्राम कुंवाडिया के एक युवक का गलत ढंग से इलाज करने पर विवाद हुआ था। कुछ मेडिकलों पर प्रतिबंधित दवाईयों के विक्रय की जानकारी सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 13 वर्ष बाद शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग

## त्रिवेणी संगम पर क्षिप्रा स्नान, शनिदेव मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

**उज्जैन।** धर्म, ज्योतिष और आस्था की नगरी उज्जैन में शनिवार को शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या का ऐसा दुर्लभ महासंयोग बना, जिसका इंतजार श्रद्धालु वर्षों से कर रहे थे। लगभग 13 वर्ष बाद आए इस विशेष संयोग ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में डुबो दिया। इस दौरान श्रद्धालु लाखों रुपए के कपड़े और जूते चप्पल भी छोड़ गए जिन्हें बाद में नीलाम किया जाएगा।

शनिवार को तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही पवित्र क्षिप्रा नदी के त्रिवेणी संगम पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों भक्तों ने पहले क्षिप्रा में पुण्य स्नान किया, फिर त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर और अंकपात मार्ग स्थित शनिदेव मंदिर पहुंचकर भगवान शनिदेव का पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मध्य प्रदेश पुलिस, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमों ने घाटों और मंदिर परिसरों में मोर्चा संभाला। ट्रैफिक पुलिस ने विशेष यातायात योजना लागू कर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की। घाटों, पार्किंग स्थलों और मंदिर मार्गों पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन और स्नान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवभारत से चर्चा में त्रिवेणी स्थित से शनि मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी ने



बताया कि शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का एक साथ आना अत्यंत शुभ और दुर्लभ माना जाता है। इस दिन त्रिवेणी संगम पर स्नान कर शनिदेव का पूजन करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में स्नान, दान और दर्शन का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

### हर हर महादेव के जयकारे-पानी के फुहारे बने आकर्षण

त्रिवेणी संगम पर सुबह से ही जय शनिदेव और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के बाद तिल का तेल, काले तिल, उड़द, नारियल, काले वस्त्र तथा लोहे की वस्तुएं अर्पित कर शनिदेव से जीवन के कष्ट दूर करने की प्रार्थना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य भी किया और जरूरतमंदों को छाता, चप्पल, वस्त्र एवं अन्न वितरित किए। भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए उज्जैन नगर निगम ने त्रिवेणी घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की। घाट पर ठंडे पानी के फुहारे और स्नान शॉवर लगाए गए। जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिली। क्षिप्रा नदी में जलस्तर कम होने के कारण नर्मदा जल की सहायता से पर्याप्त जल उपलब्ध कराया गया, ताकि स्नान व्यवस्था निर्बाध रूप से चलती रहे। पेयजल, सफाई, प्रकाश और विश्राम की भी समुचित व्यवस्था की गई।

### मंदिरों में पंचामृत अभिषेक और महाआरती

मंदिरों के पट खुलते ही भगवान शनिदेव का पंचामृत अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन, श्रृंगार और महाआरती संपन्न हुई। फूलों और विद्युत सज्जा से सजे मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भारी भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में प्रवेश सीमित रखा गया और बाहर से दर्शन की व्यवस्था की गई। 24 घंटे तक तेल अर्पण की विशेष व्यवस्था भी जारी रही। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का संयुक्त संयोग अत्यंत फलदायी माना जाता है।

# शराब के साथ पकड़ाए युवक को 1 वर्ष की सजा

**उज्जैन।** अवैध शराब के साथ हिरासत में आये युवक को 12 साल बाद कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है। शराब तस्कर पर 25 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। 4 अप्रैल 2014 को नागदा चौपाटी से पुलिस ने बाइक सवार बंशी पिता लालचंद्र निवासी जी ब्लॉक टापरी को अवैध शराब के साथ पकड़ा था। बंशी के पास से 6 पेटी देशी शराब की बरामद हुई थी। मामले में आबकारी की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 12 साल चली सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विन परमार ने फैसला सुनाते हुए 1 साल का सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। पैरवी कुलदीपसिंह भदौरिया ने की।

### महिला की छत से गिरने पर मौत

उज्जैन। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि गुजरात के बड़ोदरा से आशा पति दीपक भट्ट 61 वर्ष ऋषिनगर में रहने वाले समधी शैलेन्द्र त्रिवेदी के यहां दो दिन पहले आई थी। शुक्रवार सुबह वह छत पर जाने के लिए सीढ़ियो के रास्ते से ऊपर पहुंची। जहां मुंडेर की दीवार से टिककर खड़े होने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई। सिर में चोट लगने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। पुलिस के अनुसार आशा भट्ट का पुत्र और बहू अमेरिका में रहते हैं जिनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# एकलौते पुत्र ने खाया जहर

- विगत पांच दिनों से मरने की
- रट लगा रहा था, तीन बहनों
- में था एकलौता भाई

**उज्जैन। तीन बहनों के एकलौते भाई ने बीती रात जहर खा लिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। चार-पांच दिनों से भाई मरने की रट लगा रहा था। उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था।**

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़कुम्मैद में रहने वाले दिलीप मीणा के 19 वर्षीय पुत्र समीर ने घर की छत पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि समीर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और तीन बहनों का एकलौता भाई था। तीन चार दिनों से वह मरने की रट लगा रहा था। कुछ दिन पहले ही गांव के रहने वाले आशीष विश्वकर्मा ने जहर खाकर आत्महत्या की थी। समीर उसका दोस्त था। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

## एक नजर में



### धार की भोजशाला निर्णय पर आतिशबाजी

**उज्जैन।** धार की भोजशाला को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा जो ऐतिहासिक निर्णय दिया गया है। उस निर्णय से सर्वत्र हर्ष की लहर व्याप्त है। मां वाग्देवी की प्रतिमा व मंदिर को जिस प्रकार मुस्लिम आक्रांत्रों द्वारा ध्वस्त किया जाकर हिंदू समाज को अपमानित किया गया था। अब न्यायालय के निर्णय से उसकी पुनर्स्थापना का वक्त आ चुका है। यह बात भारत तिब्बत समन्वय संघ के मालवा प्रांत अध्यक्ष एवं संस्कृति रक्षक मंच के शिवेंद्र तिवारी ने मोहन नगर अंबे माता मंदिर चौराहे पर निर्णय के समर्थन में आतिशबाज़ी कर मिढाई वितरित करने के दौरान उपस्थित लोगों के मध्य कही। इस मौके पर मयूर अग्रवाल, मुकेश धाकड़, नीलेश खोयरे, महेश साहू, चिन्मय साहू, नरेश राठौर, आशीष प्रजापति, प्रवीन जोशी, संदीप राणा, दिनेश कुंभकार, वंदना जैन, बलराम रावल, मोहन चौहान, दीपक सैनी, गोपाल परमार, अनिल पांचाल, ऋषि प्रजापति, संजय जादौन, दिलीप डोडिया, सन्नी सूर्या, हेमंत विश्वकर्मा, रवि सांखला, लखन बड़ोदिया गुलाब सूर्यवंशी, निखिल खोयरे, राजेश रावल उपस्थित थे।

### उच्च रक्तचाप दिवस-कारण एवं सावधानी



**उज्जैन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में लगभग 28.1 प्रतिशत वयस्क उच्चरक्तचाप से ग्रस्त हैं। लगभग 36.9 प्रतिशत लोगों को ही इसका पता चल पाता है। कारण धूम्रपान वसा युक्त पदार्थों का सेवन मोटापा शराब का सेवन अत्यधिक मानसिक परिश्रम शारीरिक परिश्रम का न करना वृद्धावस्था, मानसिक तनाव जैसे चिंता व्याकुलता अनुवांशिकता के कारण यह समस्या भारत में लगातार बढ़ती जा रही है। यदि सिर के पीछे और गर्दन में दर्द हो, थोड़े से परिश्रम से ही थकावट लगे, नींद ना आना, चक्कर आना, सीने में दर्द की समस्या, आंखों से देखने में परिवर्तन होना दिल का जोर जोर से धड़कना जैसे लक्षण देखें तब तत्काल अपने नजदीकी चिकित्सक को दिखाएं। प्रत्येक मोटे व्यक्ति के लिए तथा मधुमेह रोगी के लिए अपना ब्लड प्रेशर नियमित रूप से जांच करवाना चाहिए। उच्च रक्तचाप रोगी व्यक्ति के बच्चों भाई परिवार के सदस्यों को अपना रक्तचाप नियमित रूप से चेक कराते रहना चाहिए। सावधानी नमक रहित भोजन, ऊपर से नमक का उपयोग ना करना, यदि संभव हो सके तब निम्न सोडियम युक्त नमक का उपयोग करें। निम्न वसायुक्त भोजन का उपयोग ज्वार, बाजरा, चोकर युक्त आटा, अंगूर, लौकी, शलजम, करेला, तिलतेल, चना, गाजर आदि। अपना वजन नियंत्रित रखें नियमित रूप से 8 घंटे की नींद ले, कब्ज बिल्कुल न होने दें और नियमित रूप से तेज गति से पैदल चलें व ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करे। हाइपरटेंशन के मरीज को अपने चिकित्सक से निरंतर संपर्क में रहना चाहिए।

### महाधिवेशन के लिए सीएम को दिया आमंत्रण



**उज्जैन।** मप्र अजाक्स संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके उज्जैन दौरे के दौरान मुलाकात कर आगामी मालवांचल अजाक्स महाधिवेशन का आमंत्रण दिया। इस दौरान संगठन ने कार्यक्रम की तैयारियों और आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए मई के अंतिम सप्ताह में कार्यक्रम की तारीख तय करने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार ने बताया कि शासन से मान्यता प्राप्त अधिकारी-कर्मचारी संघ अजाक्स द्वारा द्वितीय मालवांचल अजाक्स महाधिवेशन आयोजित किया जाना है, जिसमें मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आने की सहमति देते हुए तारीख तय करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान प्रदेश महासचिव महेश विरोलिया, प्रांतीय सचिव डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया, पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी अजाक्स के जिला सचिव डीएल भीलवाड़ा ने दी।

# पहली बार होगी सिंधी भाषा में भागवत कथा

- अमरावती के संत संतोष देव जी महाराज करेंगे कथा वाचन

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति उज्जैन द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शहर में पहली बार अमरावती महाराष्ट्र के शिव धारा आश्रम के संत श्री संतोष देव जी महाराज द्वारा सिंधी भाषा में भागवत कथा की जाएगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पंचायत के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने सकल सिंधी समाज की विशाल बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि कलश यात्रा सिंधु भवन कल्याण एवं उत्थान समिति की जमीन विष्णु वाटिका से प्रारंभ होकर कथा स्थल संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जीवाजीगंज थाने के सामने तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में 101 महिलाएं लाल चुनरी में कलश लेकर चलेंगी और पुरुष श्वेत वस्त्र धारण किए रहेंगे। रथ यात्रा में स्वामी संतोष देव जी महाराज शिव धारा आश्रम अमरावती विराजमान रहेंगे। यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक व सिंधी समाज के प्रबुद्धजन भी शामिल होंगे। आयोजन और कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए महेश परयानी, गोपाल बलवानी, प्रताप रोहरा, महेश गंगवानी, निशा रामचंदानी आदि ने अपील की है। कलश यात्रा का शहर में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री सिंधु जाग्रत समाज माधव नगर, सिंधी साहिती, भाईबंध पंचायत बुधवारिया, इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, झूलेलाल मंदिर समिति, युवा शक्ति पटेल नगर और लायंस क्लब उज्जैन सहित अनेक संस्थाओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

# श्रद्धालुओं से पैसे लेकर दर्शन करने वाला युवक फरार

- फिर हुई महाकाल मंदिर में रुपए लेकर दर्शन कराने की शिकायत

**उज्जैन। महाकाल दर्शन के नाम पर महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं से रुपये लेने वाला 3 दिन बाद भी शनिवार शाम तक पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। महाकाल थाना पुलिस ने मामले में सुपरवाइजर की शिकायत पर धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया था।**



महाराष्ट्र से तीन श्रद्धालु शार्दुल कांबले, तन्मय भालेकर और मानव गायकोड 13 मई को उज्जैन पहुंचे थे। तीनों ने दोपहर में नंदीहाल से बाबा महाकाल के दर्शन किये और खड़े थे। उस वक्त सुरक्षाकर्मियों ने उन्हे आगे जाने के लिये कहा तो तीनो बहस करने लगे थे। जिसने पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होने दर्शन के लिये 5 हजार रुपये दिये हैं। उनका संपर्क आशुतोष शर्मा से हुआ था। जिसने भस्मारती दर्शन की बात भी तय की है। सुरक्षाकर्मी तीनों को मंदिर कंट्रोलरूम लाया गया। जहां उन्होने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आईडी नम्बर 613361985319 के माध्यम से आशुतोष शर्मा के मोबाइल नम्बर 9827363826 बताया। आशुतोष ने प्रोटोकॉल दर्शन नंदीहाल से कराने की बात कहीं थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर के सुपरवाईजर मुकेश बोगना ने मामले की लिखित शिकायत महाकाल थाना पुलिस से की। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आशुतोष शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। शनिवार शाम तक आशुतोष गिरफ्त में नहीं आ सकता था। उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि पूर्व में दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से रुपये लिये जाने के मामले सामने आये थे। मंदिर समिति की ओर से मामले में एक्शन लिया गया था और मंदिर से जुड़े कर्मचारियों के साथ कई बाहरी लोगों को गिरफ्तार किया गया था। काफी दिनों तक श्रद्धालुओं से रुपये लेने की शिकायत सामने नहीं आई थी, लेकिन एक बार फिर दर्शन के नाम पर रुपये लेने वाले सक्रिय होते दिखाई दे रहे है।

### संयुक्त मोर्चा की जागरूकता रैली

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अनावश्यक खर्च से बचने तथा पेट्रोल, डीजल और सोने की खपत कम करने के लिए किए गए 7 सूत्रीय आव्हान के समर्थन में उज्जैन में संयुक्त मोर्चा द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शहर के टावर चौक से प्रारंभ होकर शहीद पार्क तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स एवं नागरिक शामिल हुए। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में 7 सूत्रीय संदेशों से संबंधित तख्तियां लेकर आमजन को जागरूक किया। संचालन अशोक दुबे एवं डीके सोलंकी ने किया। रैली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। में चंद्रशेखर जोशी एवं भगवान सिंह उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामी पांडे ने दी।

### फल मंडी में निगम की बड़ी कार्रवाई

**उज्जैन।** शनिवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा चिमनगंज स्थित फल मंडी में बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें फल व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण करते हुए फल के कैरेट एवं हाथ ठेले, गाड़ियां खड़ी कर दी जाती है। जिसके कारण संपूर्ण मार्ग बाधित होता है एवं ट्रैफिक जाम के साथ-साथ आवागमन की समस्या होती है निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया की उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए फल के कैरेट, हाथ ठेले को हटाते हुए 9000 से अधिक का जुर्माना वसूला। साथ ही फल व्यापारियों को भी समझाइश दी गई।

# ग्रीष्मकालीन शिविर रचनात्मकता को बढ़ावा देने का माध्यम

- भारतीय स्कूल में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर

**उज्जैन।** विद्यार्थियों के लिए शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब वे सीखने के वास्तविक महत्व को समझें। केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि विभिन्न विधाओं में पारंगत होना भी व्यक्तित्व को निखारता है। ग्रीष्मकालीन शिविर निश्चित रूप से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं प्रतिभा को विकसित करने का सशक्त माध्यम होते हैं। उक्त विचार कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने भारतीय



स्कूल में आयोजित 20 दिवसीय उमंग समर कैंप 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

डॉ. गंधे ने कहा कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने योग सहित अनेक रचनात्मक गतिविधियों को सीखा है और योग निश्चित रूप से हमें भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने तथा अपनी प्रतिभा को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया। भारतीय स्कूल में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर, उमंग समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विधाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में नृत्य, योग, चित्रकला आदि प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था की डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ एवं विद्यालय की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश, म्यूजिक, डांस, मेहंदी, पेंटिंग, थिएटर, कराते, योग, कैलीग्राफी, ड्राइंग एवं कंप्यूटर जैसी अनेक गतिविधियां संचालित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर में उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने सभी प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

### अजाक्स की संभागीय बैठक आज

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन की उज्जैन टीम द्वारा दूसरे मालवांचल अजाक्स सम्मेलन का आयोजन मई माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा लगातार बैठकों का दौर जारी है। संभागीय सेक्रेटरी नारायण प्रसाद मालवीय विक्रम सिंह परमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के नेतृत्व में उज्जैन संभाग के सभी जिलों में अजाक्स एजेंडा को लेकर जिला सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागृह में एक महत्वपूर्ण संभाग स्तर की बैठक संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

**अधिक मास प्रारंभ** ▶ उज्जैन में श्रद्धालु शिप्रा स्नान कर 7 साग, नौ नारायण व 84 महादेव की यात्रा करेंगे

# अधिक मास आज से, शादी-ब्याह नहीं होंगे, महीने भर दान-पुण्य

**उज्जैन।** ज्येष्ठ मास में आज रविवार से अधिक मास शुरू होगा। इस मास में शुभ कार्य शादी-ब्याह आदि नहीं होते। पूरे मास दान-पुण्य का सिलसिला चलेगा। लोग शिप्रा में स्नान करेंगे। देशभर के श्रद्धालु यहां उमड़ेंगे। उज्जैन में अधिक मास के दौरान 7 सागर और 84 महादेव के साथ 9 नारायण की यात्रा करते हैं। पंडितों से पूजन-अर्चन कराकर दान-पुण्य करते हैं। अधिक मास 15 जून तक चलेगा। अधिक मास में भगवान विष्णु की पूजा का महत्व है। उनके निमित्त ही उज्जैन में 7 सागर और 9 नारायणों की पूजा का महत्व



है। अधिक मास में तीर्थ स्नान, मंदिरों में दर्शन-पूजन, सत्संग, मंत्र जप, दान-पुण्य, पूजन आदि कार्य होते हैं।

इधर भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में शनि शिंगणापुर से लाए शनिदेव की प्रतिमा का अभिषेक-पूजन शनिवार सुबह किया गया। योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में 101 बटुकों ने भक्तों के साथ तेल से अभिषेक-किया। इसके साथ दो दिनी अनुष्ठान का समापन किया गया। पूजन बाद शनिदेव का चंदन आदि से श्रृंगार किया गया व महाआरती कर फलों व मिठाइयों का भोग अर्पित किया गया।

### उर्दूपुरा में आज से भागवत, सुबह कलश यात्रा

श्री महर्षि गौतम गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा उर्दूपुरा धर्मशाला गौतम पैलेस में अधिक मास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन रविवार को सुबह 9 बजे से बैंड-ढोल के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का वाचन व्यास पीठ से आचार्य पं. सुनील कृष्ण व्यास बेरछा वाले करेंगे। श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण न्यास उर्दूपुरा के अध्यक्ष पं. विजय शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया प्रतिदिन कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी।



### सिंथेटिक्स कर्मचारियों की बैठक आज

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक प्रकाश सोलंकी के अनुसार श्री के कर्मचारियों की बैठक आज 17 मई 2026 रविवार को दोपहर 11 बजे शहीद पार्क, उज्जैन पर आहुत की गई है। राजीव गांधी बेरोजगारी भत्ते की पीटिशन की जानकारी बैठक में दी जावेगी तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय में चल रहे प्रकरण के संबंध में प्रकरण में आगामी रणनीति तय करने हेतु विचार विमर्श के लिये बैठक में मंथन होगा। बैठक को सफल बनाने की अपील रामचन्द्र चौधरी, राजेश समेले, टेक बहादुर थापा, प्रभुनाथ यादव, गोविन्द सांखला सहित समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने बैठक को सफल बनाने की अपील की है।